तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
30/10/25	पत्रावली पेश हुई। वकील प्रार्थी हाजिर। अप्रार्थी सं० 1 ता 03 का पूर्व में मुलजाद में जवाब बन्द किया जा चुका है तथा अप्रार्थी सं० 03 ता 07 अनुपस्थित वकालतनामा हाजिर होने के कारण उनके खिलाफ मुलजाद में एकतरफा कार्यवाही की जा चुकी है एवं अप्रार्थी सं० 02 की ओर से ~~पूर्व में~~ जवाब प्रपत्र पेश किया जा चुका है। अप्रार्थी कारान के अधिवक्ता ने बहस हेतु निवेदन किया। अप्रार्थी कारान की प्रपत्र 11 हेतु बहस सुनी गई। पत्रावली व संलग्न दस्तावेजात का अवलोकन किया गया। प्रार्थी का प्रपत्र स्वीकार किया जाता है अतः अप्रार्थीगण को नोटिस अदायगी किये जाने पाबन्द किया जाता है कि मुलजाद के निर्णय तक प्रपत्र में वर्णित खे० नं० को प्रार्थी की सहमति के बिना रहन, दान बेचान आदि नहीं करे। अतः इसके उपभोग, उपयोग में किसी प्रकार की बाधा अड़चन नहीं करे एवं मुलजाद के निर्णय तक राजस्व रिकार्ड की यथास्थिति बनाए रखें। पत्रावली फैसल होने तक नम्बर से कम की जाकर शामिल मुलजाद हो।	